Continue from earlier Page...

का डेरा, हदानपुर, हदुई, हमीरपुर, हंदोरा, हरसी का डेरा, हेलकपुर, झटोखर, जौयार्ड, कालीमिट्टी, कनौटा डांडा, कनौटा दरिया, कंधौली, कंजौली, कटरी, केवटरा, खरौंज, खेरवा, कुदौरा, कुरा, कुरहना, कुरारा, कुसमरा, कुतुबपुर, लगनपुर, लहुरी मऊ, लखौंडा, लखौंडा माइनर, लल्ली का डेरा, लॉयर महुआ पुरवा, महमूदपुर, महुअवा पुरवा, मैधारी, मंझूपुर, मंझूपुरडांडा, मोहता, मोलिह, नाजिरपुर, निमदापुर, पचखुरा, पत्यौरा, पौथिया बुजुर्ग, रघुआ माइनर, रघवा, रागी, रामपुर, रिठौरा, रिठौरा डांडा/रिठौरा दरिया, सहिजना, सिवनी, शहबाजपुर, शंकरपुर, शेखूपुर, शिवरामपुर, सिकराबरी, सिकरोड़ी, सिकरोढ़ी डांडा, सिमरा, सिंदरा, सिरसा, सरसई, शिवनी, सीतलपुरवा, सुल्तानपुर, सुरजपुर डंडा, सुरजपुर दारिया, सूरजपुरा, टिकरौली, ट्रामहौरी, उडुई, ऊपर महुआ पुरवा, वर्मा का डेरा, विराटपुर, रघवा

**तहसील:** घाटमपुर **जिला:** कानपुर नगर
**गाँवों के नाम:** अजौरी, अजगरपुर, अखरपुर बरहाल, अलौलापुरा, असवार मऊ, बगरिया, बरबौली, बड़ापुर, भाटपुरा, भाटपुर डंडा, भौली, बीबीपुर, दहिलर अव्वल, दहिलारसनी, दपसौरा, गंगापुर, गंगुपुर, गराहा, हदुइ, हरदौली, जमरेही ऊपर, जमरेही पुर, जयापुर, जिकमनपुर, लहुरीमऊ, लखपेरा, लल्ली का डेरा, मऊनखत, मोहटा, नंदोलनपुर, परसेठा, परसेठा का डेरा, कासिमपुर, राघवा, रामपुर, रानीपुर, समुही, शहीबाजपुर, शंकरपुर, शेखूपुर, सिक्रोधी, सिफन, सुरैयात, स्वान मऊ

**तहसील:** बिंदकी **जिला:** फतेहपुर
**गाँवों के नाम:** ऐत्मादपुर, अकबरपुर, आलमगंज, अमौली, अंगदपुर, आसकपुर, औरा निस्फी, अयोध्या का डेरा, बदलवापुर, बहादुर पुर, बहादुरपुर कोटरा, वाजिदपुर, बंग्ला, बनितला, बप्सौरा, बरदरा, बरहट, बरियारपुर, बरवा, बसावन खेड़ा, बेहटा खुर्द, भागलपुर, भारतपुर, भीखनपुर, बुढाना, बुढ़ंदा, बसावनपुर, भरसा, बिलौना, बिंदकी, बुढ़ंदा, चक अब्दाल खां, चक जाफ़र अली, चखाता का डेरा, चकलाला, चरई, चटिहा, छतेना, चित्तापुर, डाडासहिमलपुर, दपसौरा, दरियाबाद, दरियापुर छेदिया, दरौटालालपुर, दरवेसपुर, दौलतपुर, धानेमऊ, धमौली, दुबेपुर, इटरा, फैजाबाद, गदलपुर, गहरूखेड़ा, गागपुर चिमनी, गंगूपुर, गारी, घनश्यामपुर, गढ़ी, घाटमाखेर, गोपालपुर धंधौरा, गोपालपुर घघौरा, गोसाईंपुर, गौरा, गोविंदपुर, गोविंदपुर बिलारी, हाजीपुर हरकरण/हाफिजपुर हरकरण, हरिजनपुर, हिम्मतपुर, इटरा, जाफरगंज, झलिया, जोनिहां, जारा, खूँटा-I, कछौरा, कशियापुर, कटिलिहा, कौड़ी कुह/कुह, केवाई, खौटिला, केवटपुरा, लहुराज खेड़ा, मदनपुर, मदुरी, मदरी, महादेव का पुरवा, मेहंदिया, महमूदपुर, महना का डेरा, मैधारी, मकरंदपुर निस्फी जखा, मकंदीपुर, मामपुर, मांझेपुर, मांझी का पुरवा, मंसूरपुर, मरवाही डेरा, मौहारी, मवई, मेहंदिया, मितैयापुर, नहरामऊ, नरैचा/नरायचा/नरियाचा, नया पुरवा, पचौरा, पहाडपुर बटिगंवा, परसेठा, पेनेरुवा, पुरेदन, रघुवा खेड़ा, रामपुर, राहा, रनमस्त पुर, रोटी, रोस्तमपुर, रारी खुर्द, रूरा पुरवा, सहिबाजपुर, सादीपुर, साल्हेपुर,

समसपुर, समसपुर तकिया, सरहनखुर्द, सरौलिया, सठिगवां, सौरा, शहजादी पुर, शहजादपुर, शेर अली शाह, सिवरी, श्यामपुर, सैंबसी, सिजौली प्रथम, सिकन्दरपुर, सिमरवा का डेरा, सिफन, सुल्तानगढ़, सुल्तानपुर, तरण डेरा, तेजीपुर, तेंदुली, तेंदुलीलाखीपुर, उजागर डेरा, उमरिहा,

**तहसील:** फतेहपुर सदर **जिला:** फतेहपुर
**गाँवों के नाम:** थरी, थवई, टीकर, त्रिलोकीपुर, उदीय राजपुर/उदय राजपुर, उम्मेदपुर, उमरी, उन्नौर, उरौली, वाहिदपुर/वहिदपुर, बीराबुद्दनपुर

**कार्य का नाम: फतेहपुर में 765 केवी वाराणसी-कानपुर (जीआईएस) डी/सी लाइन के दोनों सर्किटों के लिलो**

**तहसील:** बिंदकी **जिला:** फतेहपुर
**गाँवों के नाम:** अलीपुर, अजमतपुर, अमौली, अमौरा, बरदरा, बरौरा, बसौनापुर, बसावनपुर, बहटा/बेहटा खुर्द, बुधैयापुर, छोटी के पुरवा, धालपुर, धमई खेड़ा, फरिदपुर/फरीदपुर, गौरी, कटरा नराइचा, खाण्डेदेवर, ललौली, मदारीपुर खुर्द, मितैयापुर, नरैचा/नराइचा, रेना, रावतपुर, रीना, सरांय,

**तहसील:** फतेहपुर सदर **जिला:** फतेहपुर
**गाँवों के नाम:** आजमाबाद भैंसाही, अलावलपुर, अस्ता, असवार तारापुर, बादलपुर, बाजापुर, बरमतपुर, बेनी हरसिंहपुर, बसावनपुर, भरसवां, चखेड़ी, ढ़िढ़ौरा, जगन्नाथपुर, झाऊ मेदनीपुर, कबीरपुर, काकाबैरी, कीतूपुर, मदारी खुर्द, माधौपुर, मकनपुर, मीरपुर कुरुस्ती, मोहनखेड़ा, नेवलापुर, नोनिहां का पुरा, ओझीखरगसेनपुरमयभ, रावतपुर, सहेज मदारीपुर, सहिली, सकतहिम्मतपुर, सराय शहजादा, ठिठौरा, उदयराजपुर, मेवली बुजुर्ग, सराय खर्गू, हिम्मतपुर, परसरामपुर, वाहिदपुर

मार्ग संरेखण की प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध है। एतदद्वारा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से दो महीने के भीतर प्रस्तावित पारेषण प्रणाली पर टिप्पणी/अभ्यावेदन देने के लिए आम जनता को सूचना दी जाती है। अधिक जानकारी एवं स्पष्टीकरण के लिए, कृपया संपर्क करें:

**नाम:** श्री उदय कुमार वर्मा । **पदनाम:** प्रोजेक्ट इंचार्ज
**कार्यालय का पता:** 12वीं मंज़िल, के पी एपिटोम, मकरबा, अहमदाबाद, गुजरात - 380051
**ईमेल पता:** rpptl2025@gmail.com । **संपर्क नं.:** 079-68250005

## एक नजर में

### जैन मिलन एवं जैन मिलन महिला थाटीपुर का भव्य शपथ ग्रहण और सम्मान समारोह आयोजित

**ग्वालियर 13 जुलाई.** भारतीय जैन मिलन के तत्वाधान में जैन मिलन एवं जैन मिलन महिला थाटीपुर का भव्य शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह रविवार, 12 जुलाई को फूलबाग स्थित होटल एम.के. विवंता में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामयी कार्यक्रम में समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रचार मंत्री 'समारोह गौरव' महेंद्र जी टोंग्या उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर राष्ट्रीय संरक्षक बालचंद जी, राष्ट्रीय उप मंत्री राजेश बंटी जी, राष्ट्रीय उप मंत्री अनिता जी, क्षेत्रीय अध्यक्ष महेंद्र जी, धरम चंद जी और सुनीता जी बतौर अतिथि शामिल हुए। सभी अतिथियों का जैन परंपरा के अनुसार भव्य स्वागत किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' रहा, जिससे समाज के वरिष्ठ और मार्गदर्शक सदस्य वीर डी. के. जैन साहब एवं अति वीरांगना वीना जी को नवाजा गया। पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाए रखने में मास्टर ऑफ सेरेमनी अति वीरांगना मृदुला जैन एवं रश्मि जैन ने अपनी बेहतरीन एंकरिंग से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### नगर निगम में 5 कर्मचारियों को पदोन्नति, बने उद्यान पर्यवेक्षक

**ग्वालियर 13 जुलाई.** नगर निगम ग्वालियर के उद्यान विभाग में कार्यरत पांच कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिला है। आयुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर पांच कर्मचारियों को माली के पद से उद्यान पर्यवेक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। यह पदोन्नति मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 एवं मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 के प्रावधानों के तहत की गई है। पदोन्नति पाने वाले कर्मचारियों में देव कुमार सिंह, सतीश शर्मा, राजकुमार नागर, रविंद्र सिंह एवं नाथू बाथम शामिल हैं। सभी को लेवल-6 (ग्रेड पे 2400) के वेतनमान में उद्यान पर्यवेक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। आदेश के अनुसार यह पदोन्नति 1 जनवरी 2026 से प्रभावी मानी जाएगी। कर्मचारियों को पदभार ग्रहण करने की तिथि से पदोन्नति का वेतन एवं अन्य सेवा लाभ प्राप्त होंगे। हालांकि पदोन्नति के आधार पर पूर्व अवधि का एरियर देय नहीं होगा। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह पदोन्नति आदेश मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में लंबित डब्ल्यूपी क्रमांक 5868/2023 एवं अन्य संबंधित याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा। न्यायालय के अंतिम आदेश के अनुसार आवश्यक होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पदोन्नत कर्मचारी में नाथू बाथम, देव कुमार सिंह, सतीश शर्मास राजकुमार नागर, रविंद्र सिंह शामिल हैं.

### डॉ गौड़ बने आईएपी मेडिकल एजुकेशन चैप्टर के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**ग्वालियर।** गजरा राजा चिकित्सा महाविद्यालय के शिशु रोग विभागाध्यक्ष और मेडिकल एजुकेशन यूनिट के समन्वयक प्रोफेसर डॉ. अजय गौड़ को प्रतिष्ठित 'आईएपी मेडिकल एजुकेशन चैप्टर' का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा स्थित डॉ. पिन्नामनेनी सिद्धार्थ इंस्टीट्यूट में आयोजित 13वीं 'नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन पीडियाट्रिक एजुकेशन 2026' के दौरान की गई। सम्मेलन में डॉ. गौड़ ने 'मेडिकल एजुकेशन: वर्तमान परिदृश्य, चुनौतियां एवं भविष्य' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में विचार व्यक्त किए। डॉ. गौड़ ने चिकित्सा शिक्षा के तेजी से होते विस्तार पर खुशी जताते हुए इसके सामने खड़ी चुनौतियों की ओर ध्यान दिलाया। डॉ. गौड़ की इस उपलब्धि पर गजरा राजा चिकित्सा महाविद्यालय और मध्यप्रदेश के चिकित्सा जगत में हर्ष का वातावरण है। विशेषज्ञों का मानना है कि उनके इस राष्ट्रीय दायित्व से प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा प्रणाली को नई दिशा और पहचान मिलेगी।

### आंगनवाड़ी परिसर में रोपे 31 पौधे

**ग्वालियर।** पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ लायंस क्लब ग्वालियर 'आराध्या' एवं 'अनुभूति' के संयुक्त तत्वावधान में एक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजिन किया। यह कार्यक्रम स्थानीय आदर्श आंगनवाड़ी, टापू मोहल्ला में आयोजित हुआ, जिसके अंतर्गत परिसर में जामुन, पीपल और नीम सहित कुल 31 छायादार व फलदार पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने इन पौधों की पूर्ण देखभाल और उन्हें सुरक्षित रखने का आश्वासन दिया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में चीफ एरिया लीडर (एमजेएफ) अजय सप्रा मौजूद रहे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के तौर पर रीजन चेयरपर्सन (पीएमजेएफ) राकेश अग्रवाल एवं रीजन चेयरपर्सन (एमजेएफ) राजेश वाटवानी ने शिरकत की।कार्यक्रम की शुरुआत में लायंस क्लब आराध्या की अध्यक्ष कल्पना प्रदीप एवं लायंस क्लब ग्वालियर अनुभूति की अध्यक्ष अंजू गर्ग ने अतिथियों का पारंपरिक रूप से दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। पौधरोपण के सफल आयोजन के बाद क्लब की सचिव लायन मंजू पॉल ने सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष गीता सूर्यवंशी, मीना खरे, आरती कुशवाह, रेखा रजक सहित क्लब के अनेक सदस्य और आंगनवाड़ी स्टाफ प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कई गाड़ियां घंटों देरी से पहुंच रहीं ग्वालियर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 13 जुलाई.** महाराष्ट्र में

- बरेली एक्सप्रेस निरस्त
- मुंबई में मूसलाधार बारिश का ट्रेनों पर असर

हो रही भारी बारिश और जलभराव का असर ग्वालियर आने वाली ट्रेनों पर साफ देखा जा रहा है। मुंबई की ओर से आने वाली कई प्रमुख एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें 5 से 7 घंटे तक की देरी से चल रही हैं। पटरियों पर पानी भरने और कुछ स्थानों पर भूस्खलन के कारण रेल परिचालन बुरी तरह बाधित हुआ है।ट्रेनों के लेट होने का सिलसिला लगातार जारी है। मुंबई-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस भी घंटों देरी से चल रही है।

### ये ट्रेनें रहीं प्रभावित

बारिश के चलते मुंबई की ओर से आने वाली प्रमुख ट्रेनें जैसे दौंड एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक-बरेली एक्सप्रेस, मंगला एक्सप्रेस, पंजाब मेल, दादर-अमृतसर एक्सप्रेस, झांसी-बांद्रा एक्सप्रेस और लश्कर एक्सप्रेस की समय सारणी पूरी तरह बिगड़ गई है। स्थिति यह है कि बरेली एक्सप्रेस को कैंसिल करना पड़ा है।

# एक्टिवा से गांजा तस्करी करते युवक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 13 जुलाई.** पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार पर बड़ी चोट करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से अवैध गांजे की खेप बरामद हुई है, जिसे वह अपनी एक्टिवा स्कूटर में छिपाकर ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और अब उसके पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि क्षेत्र में एक तस्कर एक्टिवा के माध्यम से गांजे की तस्करी कर रहा है। इस सूचना के बाद थाटीपुर थाना पुलिस ने शहर के प्रमुख चौराहों और संवेदनशील इलाकों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान क्षेत्रीय नगर निगम कार्यालय के पास बैरिकेड्स लगाकर चेकिंग कर रही एसआई रतन सिंह की टीम को एक युवक संदिग्ध स्थिति में आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने जब उस युवक को रोका, तो वह घबरा गया। संदिग्ध का चेहरा ढका हुआ था। पूछताछ में वह सही जवाब नहीं दे पाया, जिससे पुलिस का शक और गहरा गया। पुलिस ने जब उसकी एक्टिवा की डिक्की की तलाशी ली, तो उसमें भारी मात्रा में गांजा छिपा हुआ मिला।

# लायंस क्लब ग्वालियर आर्यन की बोर्ड बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 13 जुलाई.** इंटरनेशनल लायंस क्लब ग्वालियर आर्यन (प्रांत 323 3 ई-1) की एक महत्वपूर्ण बोर्ड मीटिंग का आयोजन शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में किया गया। यह बैठक एमजेएफ लायन डॉ. मीरा जैन के संयोजन में आयोजित हुई, जिसमें क्लब की आगामी गतिविधियों और सेवा प्रोजेक्ट्स को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान वर्ष 2026-27 के लिए प्रांतीय प्रोजेक्ट्स की रूपरेखा तैयार की गई। क्लब द्वारा समाज हित में किए जाने वाले विभिन्न सेवा कार्यों को 'कहाँ, कैसे और कब' आयोजित किया जाना है, इसकी पूरी कार्ययोजना (प्रोजेक्ट प्लानिंग) निश्चित की गई।

**नूपुर गोयल लेंगी अध्यक्ष पद की शपथ**

क्लब की नवनिर्वाचित और ऊर्जावान अध्यक्ष लायन नूपुर गोयल आगामी दिनों में अपने पद की शपथ ग्रहण करेंगी। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष किरण सोनी, रन्नो पथरोलिया,सचिव कल्पना जैन, कोषाध्यक्ष (ट्रेजरार) भावना, सहज ढींगरा सहित क्लब के कई प्रमुख पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

# एनएसयूआई ने कुलगुरु को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 13 जुलाई.** जीवाजी विश्वविद्यालय में कार्यपरिषद् के निर्णयों और उच्च शिक्षा विभाग के आदेशों के पालन को लेकर एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को एनएसयूआई की विवि इकाई के अध्यक्ष पारस यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य को ज्ञापन सौंपकर लैब टेक्नीशियन, लैब अटेंडेंट सहित अन्य टेक्नीशियनों को उनके मूल विभाग में भेजने और कुलसचिव के स्थानांतरण आदेश का तत्काल पालन कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद् की बैठक में लैब टेक्नीशियन, लैब अटेंडेंट एवं अन्य टेक्नीशियनों को उनके मूल विभाग में वापस भेजने का प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके

बावजूद आज तक संबंधित कर्मचारियों को मूल विभाग में पदस्थ नहीं किया गया। संगठन का आरोप है कि कार्यपरिषद् में निर्णय होने के बाद भी इसे बैठक के मिनिट्स में शामिल नहीं किया गया, जिससे निर्णय का क्रियान्वयन लंबित है।एनएसयूआई ने ज्ञापन में यह मुद्दा भी उठाया कि उच्च शिक्षा विभाग ने 15 जून को जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलसचिव का स्थानांतरण क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना किया था। स्थानांतरण आदेश जारी होने के लगभग एक माह बाद भी संबंधित अधिकारी को कार्यमुक्त नहीं किया गया है। संगठन ने इसे शासन के आदेशों के पालन में देरी बताते हुए तत्काल कार्यमुक्त करने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की गई कि कार्यपरिषद् द्वारा लिए गए निर्णयों का शीघ्र क्रियान्वयन किया जाए, लैब टेक्नीशियन, लैब अटेंडेंट एवं अन्य टेक्नीशियनों को बिना विलंब उनके मूल विभाग में भेजा जाए तथा शासन के स्थानांतरण आदेशों का समयबद्ध पालन सुनिश्चित किया जाए।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों का खूनी संघर्ष

**ग्वालियर।** तिघरा थाना क्षेत्र के ग्राम रामप्रसाद का पुरा में खेत की जुताई को लेकर दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग लाठी-सरिया लेकर एक-दूसरे पर टूट पड़े, जिससे कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और दोनों पक्षों की शिकायतों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम रामप्रसाद का पुरा निवासी महेश बघेल और सुरेश बघेल पड़ोसी हैं, जिनके बीच खेती की जमीन को लेकर लंबे समय से पुराना विवाद चला आ रहा है। मामला तब बिगड़ा जब बीते दिनों खेत की जुताई के दौरान दोनों पक्षों के लोग वहां पहुँच गए। खेत पर अपना-अपना दावा जताते हुए दोनों गुटों में पहले बहस हुई और देखते ही देखते गाली-गलौज के बाद बात मारपीट तक पहुँच गई। झगड़ा बढ़ता देख आसपास के अन्य लोग भी वहां इकट्ठा हो गए और लाठी-सरिया से हमला शुरू कर दिया।

# सिंधु नवयुवक सामाजिक सुरक्षा मंडल की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 13 जुलाई.** सिंध हिन्दू जनरल पंचायत द्वारा गठित 'सिंधु नवयुवक सामाजिक सुरक्षा मंडल' की कार्यकारिणी बैठक स्थानीय होटल में आयोजित की गई। बैठक में मंडल के कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ समाज के विभिन्न सेवा कार्यों और आगामी आयोजनों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बुजुर्गों को अयोध्या यात्रा कराने वाले पदाधिकारियों और सेवादारों का स्वागत-सम्मान किया गया। मंडल के अध्यक्ष मुकेश वासवानी एवं उपाध्यक्ष आलोक आहूजा ने बताया कि अयोध्या यात्रा के दौरान बुजुर्ग महिलाओं की विशेष सेवा के

लिए मंडल के छह सदस्यों ने वहां जाकर अपनी सेवाएं दी थीं। इन सेवादारों—मुकेश वासवानी, प्रहलाद रोहिड़ा, ओमप्रकाश माखीजा, रमेश रुपानी, मोनू कुकरेजा और जयकिशन वाधवानी—का अभिनंदन किया गया।

बैठक में मंडल के आगामी कार्यक्रमों जैसे पिकनिक, झूलेलाल महोत्सव के दौरान स्टाल लगाने और प्रसाद वितरण की योजना पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान समाज की महत्वपूर्ण नियुक्तियों के तहत धनराज दर्रा को 'सिंधु वेलफेयर सोसायटी' का अध्यक्ष और हर्ष मोटवानी को सह-सचिव नियुक्त किए जाने पर उनका भी इस अवसर पर विजय वलेचा, श्रीचंद पंजाबी, ओमप्रकाश छाबड़ा, महेश कुकरेजा, नरेंद्र छबलानी, राजकुमार जोतवानी और सुनील रोहिड़ा सहित कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन अमृत माखीजानी द्वारा किया गया।

# पड़ोसी की छत पर गई, बॉल,युवक ने की फायरिंग

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 13 जुलाई.** शहर के गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के आदर्श नगर (पिंटों पार्क) में मामूली सी बात पर विवाद इतना बढ़ गया कि पड़ोसी ने घर पर फायरिंग कर दी। घटना का कारण बच्चों का छत पर क्रिकेट खेलना और बॉल का पड़ोसी की छत पर गिरना बताया जा रहा है। गनीमत रही कि घटना के समय पीड़ित परिवार अंदर सो रहा था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

सेना से रिटायर्ड सूबेदार के बेटे शौर्य और पड़ोसी राधेश्याम गुर्जर के बीच बॉल को लेकर विवाद शुरू हुआ। बच्चा जब अपनी बॉल मांगने गया, तो राधेश्याम ने उसे भला-बुरा कहना शुरू कर दिया। इस बात पर रिटायर्ड सूबेदार के परिवार के कृष्ण सिंह गुर्जर ने आपत्ति जताई, जिसके बाद दोनों के बीच बहस हुई। हालांकि, उस समय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था।

मामला शांत होने के बाद रात को राधेश्याम ने हवाई फायर किया, लेकिन तब इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। इसके बाद रात करीब 2 बजे जब कृष्ण सिंह का पूरा परिवार सो रहा था, तब राधेश्याम एक सफेद रंग की फ्रॉक्स कार से अपने एक साथी के साथ वापस आया। आरोपियों ने घर के बाहर खड़े होकर गाली-गलौज की और इसके बाद ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोलियां घर के दरवाजे, गेट, कार और केबल में लगीं।

# मानसून की रफ्तार थमी, फिर सताने लगी तेज धूप

**ग्वालियर 13 जुलाई.** जिले सहित मैदानी इलाकों में मानसून की गतिविधियां फिलहाल धीमी पड़ गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून को गति देने वाली 'टर्फ लाइन' के हिमालय क्षेत्र की ओर शिफ्ट हो जाने से बारिश का दौर फिलहाल थम गया है। इसके चलते शहर में आसमान साफ हो गया है और तेज धूप निकल रही है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवाओं का रुख बदलने के कारण बादलों की आवाजाही रुक गई है। जो टर्फ लाइन पहले मध्य प्रदेश के इंदौर अंचल से होकर गुजर रही थी, वह अब हिमालय की पहाड़ियों की ओर खिसक गई है। यही कारण है कि मैदानी इलाकों में बारिश बंद हो गई है, जबकि हिमालय से लगे राज्यों में अच्छी बारिश हो रही है।

मानसून के ब्रेक लेने से ग्वालियर का तापमान भी प्रभावित हुआ है। आज शहर का न्यूनतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.1 डिग्री अधिक है, जबकि अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस रहा। नमी के कारण सुबह से ही लोगों को तेज उमस और पसीने का सामना करना पड़ रहा है, जिससे जनजीवन में काफी बेचैनी देखी जा रही है। मौसम विभाग ने राहत की उम्मीद जताई है। विभाग का पूर्वानुमान है कि 17 जुलाई के बाद टर्फ लाइन पुन: नीचे की ओर आएगी, जिससे मैदानी इलाकों में बारिश का दौर फिर से शुरू हो सकता है।

**आम सूचना**

समस्त आम व खास एवं कृष्णा इन्क्लेव नियर समाधिया कालोनीवासियों को सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय में एक प्रकरण प्रबन्धक मंदिर (राजेश जामदार) विरूद्ध के. के. चौईथानी आदि के बीच विचाराधीन है जिसका प्रकरण न 2666/2026 यूएनसीआर है उक्त प्रकरण के चलते मंदिर व मंदिर के आसपास स्थित मंदिर पर किसी भी प्रकार का कार्य एवं हस्तक्षेप करना गलत है। मंदिर पर मंदिर के आसपास पूर्व की भांति यथावत रखा जाये किसी भी प्रकार का नेचर चेंज करना माननीय न्यायालय की अवमानना है इसी क्रम में एक प्रकरण राजेश जामदार विरूद्ध आयुक्त नगर निगम ग्वालियर तथा कृष्णा इन्क्लेव निवासीगण विरूद्ध अवैध निर्माण, अवैध कब्ज़ा करने बावत माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में डब्ल्यू पी / 2026 प्रगतिशील है अत: आप सब को सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय के प्रकरण के निराकरण तक किसी भी प्रकार का मंदिर या मंदिर के आसपास पूर्व की स्थिति को चैंज न करे न किसी प्रकार का दखल करे, कालोनीवासी मंदिर व मंदिर से लगे अन्य मंदिर पर शांति पूर्वक पूजा अर्चना करें, अपना पर्व मनाये, ऐसा कोई कृत्य न करे, तथा किसी प्रकार का जमघट या फालतू बैठकर मीटिंग न करे, मीटिंग के लिये कालोनी में क्लब हाउस बना है आने वाले सभी उत्सव 'शांतिपूर्वक एवं नियमानुसार करें, ताकि किसी मी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न न हो तथा माननीय न्यायालय की गरीमा को कायम रखा जा सके

**प्रार्थी,**
**राजेश जामदार**
**मो.9826455771**
**द्वारा अभिभाषक**

**आम सूचना**

श्रीमती नेहा कुशवाह पत्नी श्री शुभम कुशवाह एवं श्री शिव सिंह पुत्र श्री नत्थाराम के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन क्र.1563 स्थित खल्लासीपुरा, आसमानी माता रोड, शिंदे की छावनी, ग्राम अजयपुर, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.33 में स्थित है एवं जिसका क्षेत्रफल 706 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में-भवन का भाग श्रीमती नेहा कुशवाह, उत्तर में-भवन अंकित डंडौतिया एवं दक्षिण में-रास्ता है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री शिव सिंह पुत्र श्री नत्थाराम एवं श्री अमृतलाल कुशवाह पुत्र स्व. श्री प्रताप सिंह कुशवाह के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री अमृतलाल कुशवाह द्वारा सम्पत्ति 353 वर्गफुट एरिया श्रीमती नेहा कुशवाह पत्नी श्री शुभम कुशवाह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी21 आईजीआर 17402025ए100416376 दिनांक 03.06.2025 से विक्रय की गई। इस प्रकार श्री शिव सिंह शेष सम्पत्ति 353 वर्गफुट के मालिक हुये। श्री शिव सिंह द्वारा सम्पत्ति 353 वर्गफुट के संबंध में श्रीमती मीना पत्नी श्री शिव सिंह के हित में लिखतम सहस्वामित्व विलेख सम्पादित किये जाने हेतु डीड का ड्राफ्ट तैयार किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड सहस्वामित्व विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित वर्ष 2025 से पूर्व कोई भी रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। श्रीमती नेहा कुशवाह, श्री शिव सिंह एवं श्रीमती मीना द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार इण्डिया शैल्टर फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. श्योपुर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सम्पत्ति के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर अथवा वर्ष 2025 से पूर्व का कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अजय बंसल पुत्र स्व. श्री श्रीराम बंसल एव श्रीमती पदमा बंसल पत्नी श्री अजय बंसल के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भवन सम्पत्ति स्थित लोहा मण्डी रोड, ग्वालियर परगना व जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जिसका क्षेत्रफल 4628 वर्गफुट है और नगर निगम भवन क्रमांक 13/99 एवं 121, वार्ड क्र. 13 है। उ